संकट • आर्थिक तंगी के कारण कारपेंटर राजेश शर्मा ने खुद का गला रेत कर ली थी आत्महत्या

मृतक कारपेंटर की पत्नी की गुहार पर भक्त वाट्स अप ग्रुप ने पहुंचाई मदद

भास्कर न्यूज | गुमला

मृतक की पत्नी को सहायता राशि प्रदान करते लोग।

शहर के डीएसपी रोड ज्योति संघ निवासी कारपेंटर राजेश शर्मा द्वारा लॉक डाउन के कारण परिवार के बीच उत्पन्न हुए आर्थिक तंगी से विचलित होकर गर्दन काट कर आत्महत्या किये जाने के बाद पत्नी व बच्चों के समक्ष दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर के मुखिया का चले जाने से परिवार को खाने-पीने के लाले पड़ गए हैं। साथ ही बच्चों के पठन पाठन को लेकर पत्नी को चिंताएं सताने लगी। अब तक पीड़ित परिवार को कोई भी प्रशासनिक मदद नहीं मिल सका है। गुमला को जब राजेश के परिवार के पीड़ा की जानकारी गुमला के भक्त वाट्स अप ग्रुप के एडमिन शिशिर गुप्ता को मिला तो उन्होंने फौरन इसकी जानकारी सभी सदस्यों को दी। इसके बाद सभी ने मदद के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाए।

ग्रुप एडमिन समेत सदस्यों ने राजेश के घर पहुंचकर उन्हें खाद्यान्न व आर्थिक सहायता मुहैया कराई। मौके पर पत्नी ने ग्रुप के सदस्यों से प्रशासनिक सहायता दिलवाने की भी गुहार लगाई। पत्नी ने कहा कि उनके दो बच्चे है। दोनों सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ाई करते है। मगर पति की मौत के बाद एक ओर परिवार चलाने तो दूसरी ओर बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंता सता रही है।

अगर प्रशासनिक या सामाजिक स्तर से बच्चों के स्कूल का फीस माफ हो जाता तो उन्हें अपने भविष्य निर्माण में काफी सुविधा होती। इस पर एडमिन शिशिर गुप्ता ने उन्हें आश्वासन करते हुए कहा कि ग्रुप के सदस्यों द्वारा फिलहाल जो सहायता दी गई है वह तब तक जारी रहेगा जब तक हमारे प्रयास से आपको कुछ रोजगार उपलब्ध ना हो जाए। रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में ग्रुप के सदस्य हर संभव प्रयास करेगा।

प्रशिक्षु आईएएस ने पीड़ित परिवार को सरकारी मदद दिलाने का दिया आश्वासन

परिवार को सहायता पहुंचाने के बाद ग्रुप एडमिन शिशिर गुप्ता ने जिले के प्रशिक्षु आईएएस मनीष कुमार से मिलकर पीड़ित परिवार की स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान मनीष कुमार ने प्रशासनिक स्तर पर दी जाने वाली सभी मदद देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्रुप के ओमप्रकाश, बाबूलाल, विनीत सोनी, मनीष गुप्ता, राजेश गुप्ता, पवन यादव आदि उपस्थित थे।

8 दशक में पहली बार सिसई प्रखंड का ऐतिहासिक झंडा मिलान नहीं हुआ

सिसई | प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी पर्व हिंदू धर्मावलंबियों ने सादगी से मनाया। लॉक डाउन की वजह से सिसई में निकलने वाले रामनवमी जुलूस इस बार नहीं निकला। हजारों की संख्या में रामनवमी जुलूस झंडा मिलान एवं मेला का आयोजन होने वाले रामनवमी मैदान वीरान रहा। आठ दशक में पहली बार सिसई प्रखंड के ऐतिहासिक झंडा मिलन स्थल मलातियों में झंडा मिलन नहीं हुआ। लोगों ने शांति एवं सादगी के साथ मंदिरों एवं घरों में रामनवमी की पूजा अर्चना की।

धर्म बहन के निधन पर रजावल पारीश में शोक प्रकट

डुमरी-नेर | आशा कार्मेल रजावल की धर्म बहन अनास्तासिया टोप्पो के निधन पर रजावल पारीश की धर्म बहनों ने शोक प्रकट किया है। 27 मार्च को मां आशा मिर्दा सेंटर जशिहाट में निधन हुआ था और उसका दफन गोमला रजावल में किया गया। बताया गया है कि लंबे समय से अस्वस्थ होने से ग्रसित थी। मृतक मां आशा की शिक्षिका पद से 2017 में सेवा निवृत्त हुई थी।

80 लोगों के बीच 5-5 किलो चावल का वितरण किया

क्षेत्र में किसी भी जरूरतमंद को भूखा नहीं रहने दिया जाएगा : आनंदी प्रसाद साहू

भास्कर न्यूज | चैनपुर

कोरोना वायरस महामारी से निपटने को लेकर घोषित किये गए लॉक डाउन से दैनिक गरीब बेसहारा व मजदूरों पर रोजी रोटी का संकट आ गया है। ऐसे लोगों की सेवा के लिए अब मददगार भी आगे आने लगे है। चैनपुर क्षेत्र के पकरी टोली भटौली, लोम्बा, महेशपुर, ग्रामीण इलाके में संत अन्ना उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक सह मनोरमा सरस्वती शिशु मंदिर चैनपुर के प्रबंध समिति के सचिव आनंदी प्रसाद साहू ने जरूरतमंदों की खुले दिल से मदद कर रहे है। आनंदी प्रसाद ने 80 लोगों के बीच 5-5 किलो चावल का वितरण किया। वहीं बच्चे लोगों को बिस्किट दिया।

उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि मुंह पर मास्क लगाकर व बार-बार हाथ धोकर सैनेटाइजर का उपयोग करते रहे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में किसी भी जरूरतमंद को भूखा नहीं रहने दिया जाएगा। इस महामारी से बहुत से लोग बेरोजगार हो गए और उनकी रोजी रोटी पर संकट आ गया। ऐसे में सभी को उनकी मदद करनी चाहिए और मदद पहुंचेगी।

प्रधानमंत्री राहत कोष में शिक्षिका ने दिए पांच हजार रुपए

घाघरा | राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुगांव घाघरा की पारा शिक्षिका ज्योति पांडे ने प्रधानमंत्री राहत कोष में सहयोग के लिए थाना प्रभारी को सौंप पांच हजार का चेक सौंपा। पारा श्री मती पांडेय ने कहा कि कोरोना महामारी से निपटने के लिए वह यह छोटी सहयोग कर देश का साथ दे रही है। साथ ही श्रीमती पांडेय ने आम लोगों से भी प्रधानमंत्री राहत कोष में अपना आर्थिक सहयोग देने की अपील भी की है। ताकि इस वैश्विक महामारी में सभी का सहयोग मिले।

एसडीपीओ ने ईद मेला टांड़ में कोरोना के रोकथाम पर ग्रामीणों को दिए कई टिप्स

रायडीह | प्रखण्ड के केमटे ग्राम स्थित ईद मेला टांड़ में चैनपुर एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने ग्रामवासियों को कोरोना वायरस के प्रति जागरूकता टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक शारीरिक दूरी बनाए रखें। साबुन या हैंड वाश से बारंबार हाथ धोते रहें। अभी लॉक डाउन चल रहा है। इसलिए अनावश्यक बाहर न घूमें। अपने अपने घरों में रहें। गांव के जो लोग दूसरे राज्य गए थे यदि वे वापस आये हैं तो सबसे पहले उनका अस्पताल में जांच कराएं और 14 दिन तक अपने घरों में रहने को कहें। उन्हें घर से बाहर निकलने नहीं दें।

छूटे हुए सभी लाभुकों को भी दिया जाएगा खाद्यान्न का लाभ : डीसी

भास्कर न्यूज | गुमला

वैश्विक महामारी घोषित नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव के लिए गए 21 दिनों के लॉकडाउन के मद्देनजर गुमला जिले में कई गरीब एवं निर्धन परिवारों के समक्ष खाद्यान्न की कमी को देखते हुए जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए लाभुकों का राशन कार्ड बनाने हेतु आवेदन सिस्टम के अभाव में ईआरसीएमएस में लंबित है। संभव है कि इनमें कई आवेदक सुपात्र श्रेणी के होंगे। वर्तमान स्थिति में यह आवश्यक है कि ऐसे सुपात्र व्यक्ति खाद्यान्न से वंचित न रहें। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त शशि रंजन ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि वैसे व्यक्ति जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्रता की श्रेणी में आते हैं, परन्तु डिजिटल नहीं होने के कारण लाभान्वित नहीं हो पाए हैं। साथ ही वैसे व्यक्ति जिनका ऑनलाइन आवेदन लंबित है, को प्राथमिकता के आधार पर प्रति परिवार 10 किलो खाद्यान्न (चावल) स्थानीय बाजार समिति की दर पर क्रय करते हुए एक रुपए प्रति किलोग्राम की दर से संबंधित परिवार को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने खाद्यान्न (चावल) का वितरण प्रखंड स्तर पर निगरानी समिति की देख-रेख में कराने का निर्देश दिया है। ज्ञातव्य है कि उपर्युक्त प्रयोजन हेतु सभी प्रखंडों को ऑनलाइन लंबित आवेदनों की संख्या के अनुरूप राशि उपलब्ध कराई जा रही है। उपलब्ध कराई जा रही राशि के 75 प्रतिशत व्यय हो जाने के उपरान्त अतिरिक्त राशि की आवश्यकता होने पर उपायुक्त ने अविलंब अवगत कराने का भी निर्देश दिया है।

भदौली पंचायत के चार गांव में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक

सिसई | पुसो की भदौली पंचायत के डाड़ा, सकरौली, घेटरो, भदौली सहित पूरे पंचायत में प्रवेश निषेध का बोर्ड लगा कर बाहरी लोगों को गांव घुसने नहीं दिया जा रहा है। साथ ही जगह-जगह में बैरिया लगा दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के लोगों को भी बिना वजह गांव में इधर उधर नहीं घूमने दिया जाएगा, बाहर से आने वाले व पड़ोस के गांव के लोगों को भी गांव में घुसने नहीं दिया जाएगा। पूर्ण रूप से गांव में शराब बंदी की गई है। शराब बेचने, पीने व बेवजह घूमने और बिना सूचना के गांव में घुसने वालों को दंडित किया जाएगा। संजय भगत व अनिल साहू ने कहा कि कोरोना महामारी तेजी से देश में अपना पैर फैला रहा है। इससे बचने के लिए देश भर में लॉक डाउन किया गया है।

डीलर ने खुद को जमात से लौटने की झूठी अफवाह फैलाई, बीडीओ ने लगाई फटकार

बीडीओ ने पूरे परिवार को पंचायत में बने आइसोलेशन वार्ड में रहने का आदेश सुनाया

भास्कर न्यूज | बिशुनपुर

बिशुनपुर प्रखंड के राशन डीलर छोटू अंसारी उर्फ कयूम अंसारी को झूठी अफवाह फैलाना महंगा पड़ा। जानकारी के अनुसार कयूम अंसारी ने झूठी अफवाह फैला दी कि वह 18 तारीख को दिल्ली से लौटा है। जमात से आने की बात कही जिसके बाद यह बात पूरे बनारी सहित बिशुनपुर प्रखंड में आग की तरह फैल गई। जिसके बाद जिला प्रशासन से प्रखंड प्रशासन में हड़कंप मच गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए बीडीओ छंदा भट्टाचार्य दल बल के साथ बनारी पहुंची, पर छोटू गायब मिला। लेकिन एक घंटा तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। जिसके बाद छोटू मियां बनारी पहुंचा तो उसने स्वीकार किया कि उसने ही यह झूठी अफवाह फैलाई थी। जिसके बाद बीडीओ ने कड़ी फटकार लगाते हुए छोटू मियां सहित उसके पूरे परिवार को जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर भेजा जहां से उन्हें पंचायत में बने आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है।

कयूम अंसारी के बड़े भाई मुईम अंसारी ने बताया कि उसका बड़ा बेटा मोहम्मद रमीज दिल्ली से 18 तारीख को घर लौटा है। जिसके बाद उसने जांच नहीं कराया इस पर गंभीरता से लेते हुए बीडीओ छंदा भट्टाचार्य ने जांच के लिए बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां जांच के बाद रमीज ठीक पाया गया। जिसके बाद उसे भी बनारी पंचायत भवन में बने आइसोलेशन वार्ड में रखा गया है।

झूठी अफवाह फैलाने के बाद प्रखंड प्रशासन पूरे बनारी को सील कर दिया है। लोगों को लाउडस्पीकर के माध्यम से बीडीओ जागरूक कर रही है। इस मौके पर उन्होंने दैनिक भास्कर को बताया कि लोगों को अफवाह की खबर से भी बचने की जरूरत है। यदि कोई अफवाह फैलाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सूर्यास्त (शुक्रवार)	सूर्योदय (शनिवार)
5.52 बजे	6.17 बजे

आज का पंचांग

तिथि संवत्: चैत्र शुक्ल दशमी में रवि 07:19 उपरांत एकादशी, सौम्य संवत्-2077, शके-1942, हिजरी सन-1440-41

सूर्योदयकालीन ग्रह विचार

सूर्य-मीन, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरु-मकर, शुक्र-मेष, शनि-मकर, राहु-मिथुन, केतु-धनु

सूर्योदयकालीन नक्षत्र

पुष्य उपरांत आश्लेषा, सुकर्मा-योग, तै.-करण

चौघड़िया

प्रातः 06:00 से 07:30 तक चर, 07:30 से 09:00 तक लाभ, 09:00 से 10:30 बजे तक अमृत, 10:30 बजे से 12:00 बजे तक काल, 12:00 से 01:30 बजे तक शुभ, 01:30 से 03:00 बजे तक रोग, 03:00 से 04:30 बजे तक उद्वेग, 04:30 से 06:00 तक चर। उत्तम नवरात्र में माता दुर्गाजी की शक्ति को भोग लगाने से भक्तों को सुंदर रूप प्राप्त होता है। [illegible]

खरीदारी के लिए शुभ समय : दोपहर 12:00 से 01:30 बजे तक लाभ

राहुकाल • 10:30 से 12:30 बजे तक

राशिफल

मेष शुभ अंक-08, रंग-लाल | [illegible]

वृषभ शुभ अंक-06, रंग-नीला | [illegible]

मिथुन शुभ अंक-03, रंग-[illegible] | [illegible]

कर्क शुभ अंक-08, रंग-[illegible] | [illegible]

सिंह शुभ अंक-09, रंग-[illegible] | [illegible]

कन्या शुभ अंक-03, रंग-[illegible] | [illegible]

तुला शुभ अंक-07, रंग-बैंगनी | [illegible]

वृश्चिक शुभ अंक-01, रंग-[illegible] | [illegible]

धनु शुभ अंक-09, रंग-गुलाबी | [illegible]

मकर शुभ अंक-06, रंग-[illegible] | [illegible]

कुंभ शुभ अंक-07, रंग-आसमानी | [illegible]

मीन शुभ अंक-03, रंग-[illegible] | [illegible]

• [illegible] तिवारी

लॉक डाउन के कारण सिर्फ दो भक्तों ने की बजरंगबली प्रतिमा की पूजा

बसिया | बसिया प्रखण्ड स्थित कलिगा में विशाल बजरंगबली प्रतिमा की विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर बजरंगबली पूजा समिति ने कोरोना वायरस की महामारी से बचने के लिये भारत सरकार के लॉक डाउन का पूर्णतया पालन करते हुये मात्र दो व्यक्तियों ने पूजा अर्चना की। अन्य श्रद्धालु एक एक कर पूजा अर्चना करते रहे। तथा बजरंगबली के झंडे गाड़े गए। जबकि प्रत्येक वर्ष बजरंगबली मैदान में जुलूस के साथ मेला का आयोजन किया जाता था।

रायडीह के कांसीर ग्राम में डीलर ने दो माह के राशन का वितरण किया

रायडीह | प्रखण्ड के कांसीर ग्राम में बुधवार को जनवितरण प्रणाली दुकानदार भी शामू ने 237 अन्त्योदय और पीएचएच कार्डधारियों के बीच मार्च व अप्रैल दो माह का खाद्यान्न वितरण किया। सांसद प्रतिनिधि गजाधर सिंह, वार्ड सदस्य नवीन बैग, भानु सिंह, मुखिया पति कमलेश्वर बैग की उपस्थिति में चावल दिया गया।

जामुन टोली, रूद, नवाटोली गांव की सीमा की गई सील

सब्जी विक्रेताओं को ग्राहको से सोशल डिस्टेंस का पालन कराते हुए सब्जी देने का दिया गया निर्देश

भास्कर न्यूज | पुसो

लॉक डाउन के दौरान कोरोना वायरस के बढ़ते मरीजों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए प्रखंड के जामुन टोली, रूद, नवाटोली गांव में बैरिकेडिंग कर बाहरी लोगों के प्रवेश करने पर रोक लगा दी गई है। मौके पर सूरज कुमार व अरविंद पासवान ने बताया कोरोना वायरस एक संक्रमित रोग है। कहा अगर एक व्यक्ति संक्रमित होता है तो उसके संपर्क में आने से कई लोग संक्रमित हो जाएंगे। इसलिए गांव की सीमा को बंद कर दिया गया है। तथा बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। मौके पर सोशल मोबलाइजर मोकाम अंसारी ने घेटा, पोढ़ा, जौरी, जोलरो, जिउरी सहित अन्य क्षेत्रों के ग्रामीणों को कोरोना वायरस के प्रति जागरूक किया।

वहीं बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ कमलेश उरांव, थाना प्रभारी हरिओम कामती ने भी लॉक डाउन को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर जानकारी दी कि घर से नहीं निकलें, अनावश्यक दो पहिया व चार पहिया वाहन लेकर नहीं निकलने तथा कोरोना वायरस से पीड़ित लोगों के बारे में प्रशासन को सूचना देने की बात कही। इसके अलावा लॉक डाउन के उल्लंघन की सूचना पर कुछ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की। कई जगहों पर मजमा लगा रहे ग्रामीणों को खदेड़ा गया। तथा अपने अपने घरों में रहने की अपील की। वहीं गुरुवार बाजार होने के कारण सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार पुलिस जवानों के साथ बाजार पहुंचे। सब्जी विक्रेताओं को सर्कल बनाकर सब्जी बेचने का निर्देश दिया। लोगों को सोशल डिस्टेंस बना कर सब्जी खरीदारी की बात कही।

REDMI NOTE 8 PRO
MI DUAL CAMERA

बैरिकेडिंग कर गांव की सीमा को बंद करते ग्रामीण।

पत्रकारों ने जरूरतमंदों को चावल का वितरण किया

कामडारा | कामडारा प्रखंड के पत्रकारों की टीम आज तीसरे दिन ग्रामीण इलाकों का दौरा कर गरीब, असहाय व जरूरतमंदों के बीच चावल का वितरण किया। गुरुवार को टुकटुकु, कुल्लुपुर, व रामपुर के 42 लोगों के बीच पांच-पांच किलोग्राम चावल बांटा गया। चावल वितरण के क्रम में पत्रकार शहाब अली, अब्दुल सब्बीर, विजय कच्छप, विकास कुमार वर्मा और सहयोगी अजय डिडिंगो शामिल थे।

पास के लिए आवेदन मांगा

लोहरदगा | कोरोना वायरस को लेकर लॉकडाउन के दौरान आवश्यक वस्तुओं के मूवमेंट एवं सेवाओं का संचालन सुचारू रूप से किए जाने के लिए पास निर्गत किया जा रहा है। बताया गया लोहरदगा से हेल्पलाइन नम्बर 8146279726 पर व्हाट्सअप के माध्यम से आवेदन दिया जा सकता है।

बाहर से वापस आए मजदूरों को होम क्वारेंटाइन में रखने का निर्देश

भास्कर न्यूज | रायडीह

महिलाओं की एक आवश्यक बैठक जवाहर पतराटोली स्थित बाजारटांड़ की बैठक हुई। बैठक में एसपीडब्ल्यू संजय रोशन लकड़ा और करुणा गया ने उन्हें निर्देश देते हुए कहा कि गांवों में प्रवासी मजदूर जो वापस आये हैं। उनका स्वास्थ्य जांच के उपरांत होम क्वारेंटाइन में 14 दिनों तक रखना है। साथ ही उनके परिवार से थोड़ी दूरी बनाकर रहने को कहा गया। महिलाओं को इन प्रवासियों का प्रतिदिन का स्वास्थ्य रिपोर्ट बनाने का निर्देश दिया गया। बैठक में साबुन से हाथ धोने के तरीका बताया गया। यह तरीका ग्रामीणों को सिखाने को कहा गया। मौके पर विनीता देवी, अरुणा बैक, पुष्पा देवी आदि उपस्थित थी।

सिसई प्रखंड कार्यालय में आपदा राहत खाद्यान्न कोष का गठन

भास्कर न्यूज | सिसई

प्रखंड कार्यालय में कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए गरीब असहाय वृद्ध अर्द्ध विक्षिप्त लोगों को मदद के लिए जन सहयोग आपदा राहत खाद्यान्न कोष का गठन किया गया है। इच्छुक लोग इसमें सहयोग स्वरूप चावल, आटा, चूड़ा जैसे खाद्य सामग्री दान करना चाहते हैं वे प्रखंड कार्यालय में आकर अपना सहयोग दे सकते हैं। इस सहयोग से प्रखंड के लाचार भूखे लोगों को भोजन कराया जाएगा। गुरुवार को थाना रोड निवासी दीपक गुप्ता ने 50 केजी चावल विजय कुमार 25 केजी चूड़ा दिया। इसकी जानकारी बीडीओ प्रवीण कुमार ने दी।

छारदा पंचायत के 45 जरूरतमंदों के बीच 10-10 किलोग्राम चावल बांटे गए

भास्कर न्यूज | सिसई

पूरे विश्व के साथ अपने देश में भी फैले कोरोना वायरस और 21 दिनों के लॉकडाउन के कारण उत्पन्न स्थिति को देखते हुए छारदा पंचायत के सचिवालय भवन में वैसे पीड़ितों गरीब असहाय लोगों को जिनका राशनकार्ड व पेंशन सुविधा नहीं है। उनको चिन्हित कर पंचायत आपदा राहत कोष से दस-दस किलो चावल वितरण किया गया। इस अवसर पर उप प्रमुख दीपक अधिकारी, मुखिया पार्वती कुमारी देवी, उपमुखिया, वार्ड सदस्य, समाजसेवी किशोर महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

वहीं विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव ने [illegible] पंचायत के लुलकी गांव के तीन असहाय गरीब दिल मोहन लोहरा, फूलू देवी और बलिन्दर लोहरा के घर पहुंचकर व्यक्तिगत स्तर पर दस-दस किलो चावल व आधा किलो दाल दिया। साथ ही सरकारी योजना का लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ता पीनू कुमार उरांव, गुड्डू कुमार उरांव, फागु कुमार उरांव उपस्थित थे।

सहायता • प्रदान व महिला विकास मंडल ने बेती, चुंदरी, इचा, हापामुनि, गम्हरिया, कोटमाटी, नावपुर और जमगई गांव में अनाज बांटे

घाघरा प्रखंड के 150 लोगों में अनाज का वितरण

भास्कर न्यूज | घाघरा

प्रदान एवं महिला विकास मंडल घाघरा के संयुक्त तत्वाधान में लॉक डाउन के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंदों के बीच अनाज का वितरण किया गया। इस संबंध में प्रदान के कार्यक्रम पदाधिकारी निरोद पाठक ने बताया कि घाघरा प्रखंड के बेती, चुंदरी, इचा, हापामुनि, गम्हरिया, कोटमाटी, नावपुर और जमगई गांव में 150 लोगों को टाटा ट्रस्ट से प्राप्त वित्तीय सहायता से प्रदान द्वारा महिला विकास मंडल घाघरा के साथ 10 केजी चावल, 1 केजी मसूर दाल, 2 केजी आलू, 1/2 केजी सरसों तेल, 100 ग्राम हल्दी, 1 पैकेट नमक, 2 कपड़ा धोने वाला साबुन और 1 नहाने वाला साबुन दिया जा रहा है।

प्रदान के निरोद पाठक ने बताया कि इस क्षेत्र में 15 वर्षों से प्रदान एवं महिला विकास मंडल द्वारा कार्य किया जा रहा है। इस कठिन परिस्थिति में महिला विकास मंडल के प्रत्येक बोर्ड के सदस्यों के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल करने के बाद, उन्होंने 120 गांवों में इन लोगों की पहचान करने का निर्णय लिया। प्रत्येक गांव की महिला स्वयंसेविकाओं को इस विचार को साझा किया गया और उन्होंने इन व्यक्तियों की पहचान की और उन्हें सूचीबद्ध किया। जो आने वाले सप्ताह में राशन के बिना होंगे। महिलाओं ने किसी के चयन के लिए शारीरिक / मानसिक रूप से विकलांग, विधवा, वृद्धावस्था, अधिक सदस्य जो प्रवासी के रूप में बाहर गए हैं। दैनिक मजदूरी अर्जक के रूप में सूचीबद्ध किए। 1500 से अधिक लोगों की एक सूची को अब तक संकलित किया गया है। जिसमें बाद विपिन पोद्दारियाल, अभय आनंद और निरोद पाठक राशन बांटने के लिए गांवों में जा रहे हैं।

गांव में ग्रामीणों ने जरूरतमंद गरीबों के सूची बनाया।

कॉलेज मोहल्ला के कई घरों से एक शाम का भोजन बनाकर दिया गया

भास्कर न्यूज | घाघरा

लॉक डाउन में प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे भोजन व्यवस्था में दुर्गावाहिनी कॉलेज रोड घाघरा की सदस्यों ने अपना सहयोग दिया। दुर्गावाहिनी कॉलेज रोड के सदस्यों ने सभी बाहरी मजदूरों को कॉलेज मोहल्ला के कई घरों से एक शाम का भोजन बनाकर दिया गया है। दुर्गावाहिनी के संयोजक अनिता देवी ने बताया कि मुहल्ले के सभी के घरों से 5 से 10 रोटी व सब्जी दिया गया है। ताकि लॉक डाउन में फंसे बाहरी मजदूरों और भूखे लोगों का भोजन कराया जा सके। मौके पर दुर्गावाहिनी के सदस्यों में उर्मिला देवी, ज्योति पांडेय, नमिता देवी, आरती कुमारी व सविता शामिल थे।